विज्ञापन

Xiaomi के Smart Band 10 में मिल सकता है 1.72 इंच AMOLED डिस्प्ले, जल्द होगा लॉन्च

इस स्मार्ट बैंड में स्लीप मॉनिटरिंग जैसे हेल्थ से जुड़े फीचर्स के साथ 150 से अधिक स्पोर्ट्स मोड हो सकते हैं

Written by आकाश आनंद, अपडेटेड: 23 जून 2025 18:53 IST

इसकी बैटरी 21 दिन तक चल सकती है

ख़ास बातें

- इसमें 1.72 इंच का ओवल शेप वाला AMOLED डिस्प्ले मिल सकता है
- शाओमी के Smart Band 10 में 233 mAh की बैटरी हो सकती है
- इसमें ऑपरेटिंग सिस्टम के तौर पर HyperOS 2 दिया जा सकता है

विज्ञापन

चाइनीज डिवाइसेज मेकर Xiaomi का नया स्मार्ट बैंड जल्द लॉन्च किया जा सकता है। इसमें 1.72 इंच का ओवल शेप वाला AMOLED डिस्प्ले मिल सकता है। इस स्मार्ट बैंड को 30 जून को लॉन्च किया जा सकता है। इसमें 233 mAh की बैटरी दी जा सकती है। यह HyperOS 2 पर चल सकता है।

इस स्मार्ट बैंड को वियतनाम के एक स्टोर पर देखा गया है। इसे Ceramic Edition Pearl White, Mystic Rose, Glacier Silver और Midnight Black कलर्स में उपलब्ध कराया जा सकता है। शाओमी का एक लॉन्च इवेंट चीन में 26 जून को होगा। इस इवेंट में कंपनी के नए इलेक्ट्रिक व्हीकल YU7, फोल्डेबल स्मार्टफोन Mix Flip 2, Redmi K80 Ultra और कुछ अन्य प्रोडक्ट्स को लॉन्च किया जा सकता है।

Xiaomi के Smart Band 10 का प्राइस लगभग 40 डॉलर का हो सकता है। इसमें 212 × 512 पिक्सल्स के रिजॉल्यूशन के साथ 1.72 इंच AMOLED डिस्प्ले हो सकता है। यह डिस्प्ले कंपनी के Smart Band 9 की तुलना में कुछ बड़ा है। Smart Band 10 में 233 mAh की बैटरी हो सकती है। इसमें स्लीप मॉनिटरिंग जैसे हेल्थ से जुड़े फीचर्स के साथ 150 से अधिक स्पोर्ट्स मोड हो सकते हैं। इसकी बैटरी 21 दिन तक चल सकती है। इसमें 1,500 निट्स का पीक ब्राइटनेस लेवल होगा। इसमें ऑपरेटिंग सिस्टम के तौर पर HyperOS 2 दिया जा सकता है। यह 50 मीटर तक के लिए वॉटर प्रूफ़ होगा।

इस वर्ष की पहली तिमाही में शाओमी की सभी बिजनेस डिविजंस का रेवेन्यू बढ़ा है। कंपनी ने प्रीमियम डिवाइसेज पर फोकस बढ़ाया है। इससे शाओमी को मार्जिन बढ़ाने में भी मदद मिली है। कंपनी ने बताया है कि Xiaomi 15 Ultra जैसे नए प्रोडक्ट्स को कस्टमर्स से अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। शाओमी की जनवरी-मार्च की अवधि में स्मार्टफोन की इंटरनेशनल शिपमेंट्स लगभग 4.18 करोड़ यूनिट्स की रही हैं। यह लगातार सातवीं तिमाही है जिसमें कंपनी ने वर्ष-दर-वर्ष आधार पर स्मार्टफोन की शिपमेंट्स में ग्रोथ दर्ज की है। कंपनी की स्मार्टफोन डिविजन का रेवेन्यू वर्ष-दर-वर्ष आधार पर लगभग 8.9 प्रतिशत बढ़कर लगभग 59,961 करोड़ रुपये का रहा है। कंपनी का दावा है कि इसने लगातार नौवीं तिमाही में स्मार्टफोन की शिपमेंट्स में टॉप तीन कंपनियों में अपनी स्थिति को बरकरार रखा है।

बेस्ट मोबाइल फोन्स
5G मोबाइल फोन्स
बेस्ट मोबाइल फोन्स
10000 रुपये में बेस्ट मोबाइल फोन्स
12000 रुपये में बेस्ट मोबाइल फोन्स
15000 रुपये में बेस्ट मोबाइल फोन्स
20000 रुपये में बेस्ट मोबाइल फोन्स
25000 रुपये में बेस्ट मोबाइल फोन्स
30000 रुपये में बेस्ट मोबाइल फोन्स
35000 रुपये में बेस्ट मोबाइल फोन्स
40000 रुपये में बेस्ट मोबाइल फोन्स

न्यूज़लेटर के लिए ईमेल आईडी दें
सब्सक्राइब करें

Follow Us

मोबाइल रिव्यूज

Amazfit Bip 6 Review : वैल्यू फॉर मनी

Amazfit Active 2 Review in Hindi: महंगी लगती है, लेकिन है नहीं

Amazfit Active 2 First Impression: प्रीमियम लुक्स, बजट में

POCO X7 5G First Impression : क्या खास है नए Poco फोन में? जानें

Comments

लेटेस्ट टेक न्यूज़, स्मार्टफोन रिव्यू और लोकप्रिय मोबाइल पर मिलने वाले एक्सक्लूसिव ऑफर के लिए गैजेट्स 360 एंड्रॉयड ऐप डाउनलोड करें और हमें गूगल समाचार पर फॉलो करें।

ये भी पढ़ें: Devices, Battery, Sensor, Demand, Market, Xiaomi, Smartphone, Features, Xiaomi Smart Band 10, EV, Design, Vietnam, Colors, Processor, China, Prices

आकाश आनंदGadgets 360 में आकाश आनंद डिप्टी न्यूज़ एडिटर हैं। उनके पास प्रमुख ...और भी
आकाश को ईमेल करें

संबंधित ख़बरें

boAt ने Airdopes Prime 701 ANC ईयरबड्स किए लॉन्च, 50 घंटे तक चलेगी बैटरी, जानें फीचर्स

Written by Sajan chauhan, 23 जून 2025

वियरेबल

ıabrii01.blogspot.com

आज तक

सोनम से भी शातिर मां-बेटी... एक ही लड़के से करती थीं प्यार, तीनों ने मिलकर ऐसे किया दू...

कुरनूल में नवविवाहिता की खौफनाक साजिश! मां और बेटी एक ही मर्द के साथ कर रहीं थीं इश्क, फिर मिलकर दी दूल्हे की हत्या की सुपारी. जानिए एक खूनी वारदात की रोंगटे खड़े कर...

पूरा पढ़ें

ıabrii01.blogspot.com

GADGETS 360 HINDI

Xiaomi Smart Band 10 May Get 1.72 Inch AMOLED Display, Could Launch...

इसमें स्लीप मॉनिटरिंग जैसे हेल्थ से जुड़े फीचर्स के साथ 150 से अधिक स्पोर्ट्स मोड हो सकते हैं

पूरा पढ़ें